# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - पिलखुवा** **दिनांक 04.08.2026**

- **बीती रात्रि थाना पिलखुवा पुलिस ने अस्पताल ले जाते समय पुलिस की पिस्टल छीनकर भाग रहे 01 लाख रुपये के ईनामी बदमाश को बाद पुलिस मुठभेड़ घायलावस्था में किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से पुलिस से छीनी गई पिस्टल बरामद।**
- **दिनांक 15.12.2025 को गिरफ्तार बदमाश द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर थाना पिलखुवा क्षेत्रांतर्गत कलेक्शन एजेंट से 85 लाख रुपये की लूट की घटना कारित की गयी थी, उक्त घटना में संलिप्त 10 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा घटना में फरार चल रहे बदमाश इस्तकार को जनपदीय स्वाट टीम द्वारा गिरफ्तार कर थाना पिलखुवा लाया गया था, गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पेट में दर्द का बहाना बनाकर अस्पताल ले जाते समय पुलिस से पिस्टल छीनकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर भागने की कोशिश की गयी थी, पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में बदमाश को घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया है।**
- **गिरफ्तार बदमाश की गिरफ्तारी पर श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ द्वारा 01 लाख का ईनाम घोषित किया गया था, जिसके क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था।**
- **गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध जनपद हापुड़, अमरोहा व गाजियाबाद में लूट, डैकती व आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है।**

**कार्यवाही:-**

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा, धौलाना पुलिस द्वारा थाना पिलखुवा पर मु0अ0सं0 719/25 धारा 310(2), 324(4), 317(3), 61(2), 345(3) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट में में फरार चल रहे 01 लाख रुपये के ईनामी बदमाश को बाद पुलिस मुठभेड़ घायलावस्था को पुनः गिरफ्तार किया गया है, जिसके पुलिस से छीनी गई पिस्टल बरामद हुई है।



उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**मुठभेड़ का स्थानः-** शर्मा एन्क्लेव बिल्डिंग जीएस रोड

**सक्षिप्त विवरणः-**

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त इस्तेकार उर्फ इस्तकार उपरोक्त द्वारा पेट मे दर्द होना बताने के कारण उपचार व मेडिकल परीक्षण हेतु सीएचसी पिलखुवा ले जाते समय पुलिस पार्टी से पिस्टल छीनकर गाडी से कुदकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करता हुआ खेतों की तरफ भाग गया है, पुलिस पार्टी द्वारा पीछा किया गया तथा आरटी सैट के माध्यम से अन्य थानों से फोर्स की मांग की गयी तो थाना धौलाना पुलिस मौके पर पहुंच गयी तथा दोनों थानों की पुलिस टीम द्वारा कॉम्बिंग की गयी, अभियुक्त खेतों में घनी झाड़ियों का सहारा लेकर छिप-छिपकर तथा रुक-रुककर पुलिस पार्टी की गतिविधियों पर नजर रखते हुए फायरिंग करता रहा, अभियुक्त इस्तेकार उर्फ इस्तकार उपरोक्त को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया परन्तु अभियुक्त पुलिसवालों की तरफ जान से मारने की नीयत से लगातार फायर करता रहा, जिससे पुलिस पार्टी अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए आगे बढ़ती रही एवं अभियुक्त द्वारा की जा रही फायरिंग के जवाब में आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में बदमाश को घायलावस्था में पुनः गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

इस्तेकार उर्फ इस्तकार पुत्र काबली खां निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना नौगावा सादात जनपद अमरोहा हाल पता मकान नं0 26 जे ब्लाक गली नं0 2 सीलमपुर थाना सीलमपुर दिल्ली।

**बरामदगी का विवरणः-**

पुलिस से छीनी गई पिस्टल।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 719/25 धारा 310(2), 324(4), 317(3), 61(2), 345(3) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना पिलखुवा हापुड़।
3. मु0अ0सं0 756/2019 धारा 392,411 भादवि थाना लोनी बार्डर जनपद गाजियाबाद।
4. मु0अ0सं0 778/2019 धारा 414,482 भादवि थाना लोनी बार्डर जनपद गाजियाबाद।
5. मु0अ0सं0 780/2019 धारा 25 आयुध अधि0 थाना लोनी बार्डर जनपद गाजियाबाद।
6. मु0अ0सं0 272/2021 धारा 323,504 भादवि थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा।
7. मु0अ0सं0 341/2024 धारा 60 आबाकारी अधि0 थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा।

## पुलिस मुठभेड़ करने वाली टीमः-

| *थाना पिलखुवा पुलिस टीम* | *थाना धौलाना पुलिस टीम* |
|---|---|
| 1. प्र0नि0 श्री अतुल चौहान थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | 1. थानाध्यक्ष श्री अवनीश कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड़। |
| 2. उ0नि0 श्री सुनील कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | 2. उ0नि0 श्री वरूण कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड़। |
| 3. उ0नि0 श्री गौरव वशिष्ठ थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | 3. उ0नि0 श्री अक्षयकान्त वर्मा थाना धौलाना जनपद हापुड़। |
| 4. उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | 4. है0का0 699 विकास कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड़। |
| 5. उ0नि0 श्री शिवशंकर शर्मा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | 5. चा0 का0 107 मनोज धामा थाना धौलाना जनपद हापुड़। |
| 6. उ0नि0 श्री रावेन्द्र मिश्रा थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | |
| 7. उ0नि0 श्री विवेक चौहान थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | |
| 8. उ0नि0 श्री विवेक चौहान थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | |
| 9. उ0नि0 श्री राहुल सिंह थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | |
| 10. का0 25 सौरभ कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। | |